**मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7**

**अनुक्रमांक __________** **नाम ______________**

# 923 818 (DT)

# 2023
# संस्कृत

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**निर्देश :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों अ तथा खण्ड ब में विभाजित है।

(iii) खण्ड अ तथा ब 2 उपखण्डों, उपखण्ड (क), (ख) में विभाजित हैं।

(iv) प्रश्न-पत्र के खण्ड अ में बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिसमें सही विकल्प चुनकर O.M.R. Sheet में नीले अथवा काले बाल पॉइन्ट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से भरें।

(v) खण्ड अ में बहुविकल्पीय प्रश्न हेतु प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

(vi) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके अंक निर्धारित किये गये हैं।

(vii) खण्ड ब के प्रत्येक उपखण्ड के सभी प्रश्न एक साथ करना आवश्यक है। प्रत्येक उपखण्ड नये पृष्ठ से प्रारंभ किये जाएँ।

(viii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## खण्ड अ

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

### उपखण्ड (क)

प्रश्न सं. 1 एवं 2 गद्यांश आधारित प्रश्न हैं। गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उत्तर का चयन कीजिए।

शङ्करः केरलप्रदेशे मालावारप्रान्ते पूर्णाख्यायाः नद्यास्तटे स्थिते शलकग्रामे अष्टाशीत्यधिके सप्तशततमे ख्रिष्टाब्दे नम्बूद्र कुले जन्म लेभे। तस्य पितुर्नाम शिवगुरुरासीत् मातुश्च सुभद्रा। शैशवादेव शङ्करः अलौकिक प्रतिभासम्पन्नः आसीत्। अष्टवर्षदेशीयः सन्नपि परममेधावी असौ वेदवेदाङ्गेषु प्रावीण्यमवाप।

**1.** उक्त गद्यांश का शीर्षक है : **1**

(A) विश्वकविः रवीन्द्रः

(B) आदिशङ्कराचार्यः

(C) मदनमोहनमालवीयः

(D) दीनबन्धुः ज्योतिबाफुले

**2.** शङ्करः कस्मिन् प्रदेशे जन्म लेभे ? **1**

(A) मध्ये प्रदेशे (मध्यप्रदेशे)

(B) केरल प्रदेशे

(C) उत्तर प्रदेशे

(D) उत्तराखण्डे

**3.** कालिदासस्य सर्वश्रेष्ठा नाटयकृतिरस्ति : **1**

(A) रघुवंशम्

(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(C) कुमारसंभवम्

(D) ऋतुसंहारम्

**4.** 'हिन्दुस्तान' पत्रस्य सम्पादकः कोऽस्ति आङ्गलशासने ? **1**

(A) लोकमान्य: तिलक:

(B) मदनमोहनमालवीय:

(C) विश्वकवि: रवीन्द्र:

(D) दीनबन्धु: ज्योतिबाफुले

**5.** धीमतां काल: कथं गच्छति ? **1**

(A) काव्यशास्त्रविनोदेन

(B) व्यसनेन

(C) निद्रया

(D) कलहेन

**6.** 'भाषासु मुख्या मधुरा _______ गीर्वाणभारती' के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। **1**

(A) सौम्या

(B) दिव्या

(C) प्रौढा

(D) न्यूना

**7.** 'सर्वं परवशं दु:खं सर्वमात्मवशं सुखम्' सूक्ति किस पाठ से उधृत है ? **1**

(A) लक्षय-वेध-परीक्षा

(B) सूक्ति-सुधा

(C) विद्यार्थिचर्या

(D) गीतामृतम्

**8.** गुरुनानकदेवस्य मातुर्नाम का ? **1**

(A) तृप्ता देवी

(B) सुभद्रा

(C) कल्याणी

(D) छविमति देवी

**9.** सिखधर्मस्य संस्थापक: क: आसीत् ? **1**

(A) गुरुनानकदेव:

(B) गुरुगोविन्दसिंह:

(C) गुरुतेगबहादुर:

(D) ऊधमसिंह:

**10.** किं नाटकं दृष्ट्वा गान्धिन: हृदयं परिवर्तितम् ? **1**

(A) विक्रमोर्वशीयम्

(B) हरिश्चन्द्र:

(C) मालविकाग्निमित्रम्

(D) प्रतिमानाटकम्

**उपखण्ड (ख)**

**11.** यण् प्रत्याहार के वर्ण हैं : **1**

(A) य्, व्, र्, ल्

(B) य्, व्, र्, ळ्, ह

(C) इ, उ, य्, व्, ळ्, ल्

(D) ऋ, य्, व्, र्, ळ्, ह

**12.** 'ट' का उच्चारण स्थान है : **1**

(A) कण्ठ

(B) मूर्धा

(C) दंत

(D) तालू

**13.** 'अहं गच्छामि' में सन्धि है : **1**

(A) परसवर्ण सन्धि

(B) अनुस्वार सन्धि

(C) हल् सन्धि

(D) ष्टुत्व सन्धि

**14.** 'मुनिस्तपति' का सन्धि-विच्छेद है : **1**

(A) मुनिः + तपति

(B) मुनिश् + तपति

(C) मुनिष् + तपति

(D) मुनिर् + तपति

**15.** 'राज्ञा' पद किस विभक्ति एवं वचन का रूप है ? **1**

(A) द्वितीया विभक्ति, एकवचन

(B) तृतीया विभक्ति, एकवचन

(C) पंचमी विभक्ति, एकवचन

(D) चतुर्थी विभक्ति, बहुवचन

**16.** 'वारि' पद का षष्ठी, एकवचन का रूप हैं : **1**

(A) वारिणा

(B) वारीणि

(C) वारिणः

(D) वारिणे

**17.** 'अभवत्' रूप है : **1**

(A) लट् लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन

(B) लङ् लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन

(C) लङ् लकार, प्रथम पुरुष, बहुवचन

(D) लोट् लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन

**18.** 'वसेयुः' रूप किस लकार का है ? **1**

(A) लट् लकार का

(B) लोट् लकार का

(C) लृट् लकार का

(D) विधिलिङ्ग लकार का

**19.** 'यशोधनः' में समास है : **1**

(A) कर्मधारय समास

(B) बहुव्रीहि समास

(C) द्विगु समास

(D) अव्ययीभाव समास

**20.** पीताम्बरः पद का समास विग्रह है : **1**

(A) पीतं अम्बरं यस्य सः

(B) पीतः अम्बरः

(C) पीतम् अम्बरः

(D) पीतम् अम्बरम्

## खण्ड ब

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

### उपखण्ड (क)

**निर्देश :** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**21.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **4**

(क) गुरुनानकः स्वपित्रोरेक एव पुत्र आसीत्। अतः तस्य जन्मनाऽऽह्लादातिशयं तानुभवन्तौ स्नेहातिशयेन तस्य लालनं पालनं च कृतवन्तौ। बाल्यकालादेव तस्मिन् बालके लोकोत्तराः गुणाः प्रकटिता अभवन्। रहसि एकाकी एवोपविश्य नेत्रेऽअर्धोन्मील्य किञ्चिद् ध्यातुमिव दृश्यते स्म।

(ख) संस्कृतभाषा पुराकाले सर्वसाधारणजनानां वाग्व्यवहारभाषा चासीत्। तत्रेदं श्रूयते यत् पुरा कोऽपि नरः काष्ठभारं स्वशिरसि निधाय काष्ठं विक्रेतुमापणं गच्छति स्म। मार्गे नृपः तेनामिलदपृच्छच्च, भो भारं बाधति ? काष्ठभारवाहको नृपं तत् प्रश्नोत्तरस्य प्रसङ्गेऽवदत्, भारं न बाधते राजन् ! यथा बाधति बाधते। अनेनेदं सुतरामायाति यत्प्राचीनकाले भारतवर्षे संस्कृतभाषा साधारणजनानां भाषा आसीदिति।

**22.** निम्नलिखित पाठों में से किसी एक पाठ का सारांश हिन्दी भाषा में लिखिए : **4**

() संस्कृतभाषायाः गौरवम्

() कविकुलगुरुः कालिदासः

() मदनमोहन मालवीयः

**23.** निम्नलिखित श्लोकों में से किसी एक श्लोक की हिन्दी में व्याख्या कीजिए : **4**

(क) यो न हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न काङ्क्षति।
शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान्यः स मे प्रियः॥

(ख) न स्नानमाचरेद् भुक्त्वा, नातुरो न महानिशि।
न वासोभिः सहाजस्रं नाविज्ञाते जलाशये॥

**24.** निम्नलिखित सूक्तियों में से किसी एक सूक्ति की हिन्दी में व्याख्या कीजिए : **3**

() एतद्विद्यात् समासेन, लक्षणं सुखदुःखयोः ।

() वाग्भूषणं भूषणम् ।

() मूढैः पाषाणखण्डेषु रत्नसंज्ञा विधीयते ।

**25.** निम्नलिखित में से किसी एक श्लोक का संस्कृत में अर्थ लिखिए : **4**

(क) अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुःविद्या यशो बलम्॥

(ख) नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः।
शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मणः॥

**26. (क)** निम्नलिखित में से किसी एक पात्र का चरित्र-चित्रण हिन्दी में कीजिए : **4**

(i) 'दीनबन्धुः ज्योतिबाफूले' पाठ के आधार पर 'ज्योतिबा फूले' का।

(ii) 'वयं भारतीयाः' पाठ के आधार पर 'रमानाथ' का।

(iii) 'कारुणिको जीमूतवाहनः' पाठ के आधार पर 'गरुड़' का।

**(ख)** निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर संस्कृत में दीजिए : **2**

(i) शङ्करः कुत्र जन्म लेभे ?

(ii) जीमूतवाहनस्य पितुर्नाम किम् ?

(iii) मदनमोहनमालवीयस्य जनकः कः आसीत् ?

**उपखण्ड (ख)**

**27. (क)** निम्नलिखित वाक्यों में दिए गए रेखांकित पदों के किसी एक में विभक्ति का नाम लिखिए : **2**

(i) अहं मोहनं पश्यामि।

(ii) हिमालयात् गङ्गा प्रभवति।

(iii) बालकः विद्यालये पठति।

**(ख)** निम्नलिखित में से किसी एक पद में प्रयुक्त प्रत्यय लिखिए : **2**

(i) श्रुत्वा

(ii) गन्तुम्

(iii) पठनीयः

**28.** निम्नलिखित में से किसी एक का वाच्य परिवर्तन कीजिए : **3**

() कृषकः आपणं गच्छति।

() विरहिणी पत्रं लिखति।

() मया हस्यते।

**29.** निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : **3 × 2 = 6**

() छात्र लोग विद्यालय जाते हैं।

() राम, मोहन तथा सोहन जाते हैं।

() सीता को पढ़ना चाहिए।

() इस समय वह कहाँ जा रहा है।

() बालक पेड़ पर चढ़ता है।

**30.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संस्कृत में आठ वाक्यों में निबन्ध लिखिए : **8**

() परोपकारः

() पर्यावरणम्

() राष्ट्रकता

() सत्सङ्गतिः

() विद्याविहीनः पशुः

**31.** निम्नलिखित पदों में से किन्हीं दो पदों का संस्कृत वाक्यों में प्रयोग कीजिए : **2 × 2 = 4**

() अहं

() वयम्

() गणेशाय

() यूयम्

() पठामः

**— समाप्त —**